15.12.16 – 16.12.16

कार्यालयादेश सं0 एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0 एण्ड ई0 / 2016–17 / 04 / 7405–2–8 दिनांक 22.11.2016 के अनुपालन के क्रम में टीम सदस्य डा0 ऊषा गंगवार, उपमहाप्रबन्धक, एन0यू0एच0एम0 तथा डा0 पी0 के0 गंगवार, कन्सलटेन्ट एन0सी0डी0 द्वारा जनपद संतकबीरनगर का भ्रमण किया गया। भ्रमण आख्या निम्नवत् है–

1. **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (प्रथम सन्दर्भन इकाई), ब्लाक खलीलाबाद**
   - सफाई व्यवस्था सन्तोषजनक थी। हास्पिटल वेस्ट मैनेजमेन्ट एजेंसी द्वारा किया जा रहा है।
   - भ्रमण के समय चिकित्साधीक्षक, सर्जन, गाइनेकोलोजिस्ट (संविदा पर), नेत्र विशेषज्ञ, ऐनेस्थेटिस्ट (LSAS), महिला चिकित्साधिकारी एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।






   - इकाई में प्रचुर मात्रा मे आई0ई0सी0 सामग्री उपलब्ध थी, परन्तु कुछ पोस्टर मानकानुसार सही स्थान पर नही लगे थे।






   - चिकित्सा इकाई मे 100–150 प्रसव प्रतिमाह कराये जा रहे है जिसमें 20–30 सिजेरियन प्रसव कराये जा रहें है।
   - लेबर रुम में NBCC स्थापित था परन्तु NBSU मानकानुसार स्थापित नही था। 7 Trays भी उपलब्ध थी स्टाफ को समस्त प्रोटोकॉल का ज्ञान था। नर्स मेन्टर की 2 दिन पहले तैनाती की जा चुकी है।
   - आर0बी0एस0के0 की टीम द्वारा भ्रमण कर में 1 बजे चिकित्सालय परिसर में आ चुकी थी।

टीम द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा क्षेत्र में 1 बच्चा Cleft lip & Cleft palate तथा 1 बच्चा Congenital Heart Disease से पीड़ित पाया गयाा परन्तु टीम द्वारा उसे उच्च इकाई पर उपचार हेतु सन्दर्भित नहीं किया गया।

- लैब टेक्नीशियन द्वारा HIV/AIDS की जॉच नहीं की रही थी तथा Colorimeter भी उपलब्ध नही था, जिससे Blood Chemistry वाली जॉच नही हो पा रही थी। Glucometer की स्ट्रिप उपलब्ध नही थी।
- औषधी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थी परन्तु इकाई पर आनी वाली गर्भवती महिलाओं को आयरन की गोली नहीं दी जा रही थी।
- इकाई पर प्रसव कराने आयी महिलाओं के MCTS न0 रजिस्टर पर अंकित नहीं थे। इस सम्बन्ध में बी0पी0एम0 के कक्ष में जाकर PFMS Portal पर किये गये भुगतान के सम्बन्ध में पड़ताल की गयी वहां पर भी इकाई तथा क्षेत्र में किये प्रसव का भुगतान बिना MCTS न0 के हो रहा है।






- JSY हेतु वर्ष 2015–16 के 193 लाभार्थियों को लम्बित भुगतान शेष है तथा वर्ष 2016–17 के माह नवम्बर तक के 299 लाभार्थियों के भुगतान शेष है। उनके द्वारा यह बताया गया कि वर्ष 2015–16 के भुगतान हेतु लाभार्थी चिन्हित नहीं हो पा रहे है, अधिकांश बाहर चले गये है इस सम्बन्ध में लम्बित भुगतान की कारण सहित सूची तैयार कर जिला स्वास्थ्य समिति को अवगत कराने हेतु निर्देश दिये गये।
- इकाई पर BPM, BCPM तथा MCTS operator तैनात है। BAM का पद रिक्त है।
- Cold chain maintenance : चिकित्सालय में कोल्ड चैन व्यवस्थित थी।
- 102 एम्बुलेंस का निरिक्षण किया गया जिसमें आवश्यक उपकरण एवं औषधियॉ उपलब्ध थी तथा रिकार्ड पूर्ण पाये गये।

चिकित्सा अधीक्षक को दिये गये सुझाव–

- आई0ई0सी0 सामग्री को यथा स्थान पर प्रदर्शित किया जाये।
- एन0बी0एस0यू0  मानकानुसार स्थापित किया जाय।
- प्रत्येक गर्भवती महिला का MCTS न0 रिकार्ड में अंकित किया जायें।
- आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा गम्भीर रोगों से पीड़ित बच्चों को चिन्हित कर संदर्भन किया जाये तथा जनपद स्तरीय टीम द्वारा इन बच्चों को मेडिकल कॉलेज में उपचार कराने हेतु निःशुल्क व्यवस्था की जाये।
- लैब–टेक्नीशियन को उपकरण उपलब्ध कराये जाये तथा प्रशिक्षण भी दिया जाये।

2. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द, बघौली

- यह 24X7 प्रसव इकाई है। यहां पर  लगभग 150 प्रसव प्रति माह कराये जाते है।
- प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 अनिल सिंह तथा द्वितीय चिकित्साधिकारी डा0 सदफ शकील निरीक्षण के समय उपस्थित थे।





- डा0 सविता ओझा (BAMS) 24X7 महिला चिकित्सा अधिकारी तथा डा0 जय प्रकाश Mainstreaming of AYUSH संविदा पर तैनात हैं। इसके अतिरिक्त 24X7 प्रसव हेतु 04 संविदा स्टाफ नर्स तैनात है।
- सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गयी। कोई भी नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तैनात नही था सफाई का कार्य JSY के एडमिन  में उपलब्ध धनराशि से किया जा रहा है।
- दिव्या अवस्थी, बी0पी0एम0 04 दिन से तथा दीपक अवस्थी, बी0सी0पी0एम0 08 दिनों से अनुपस्थित थे।
- इकाई पर गर्भवती महिलाओं का MCTS न0 अंकित पाया गया।
- वर्ष 2015–16 के 99 JSY के Payment लम्बित है तथा वर्ष 2016–17 में माह नवम्बर तक 150 लम्बित है। इस सम्बन्ध में लम्बित भुगतान की कारण सहित सूची तैयार कर जिला स्वास्थ्य समिति को अवगत कराने हेतु निर्देश दिये गये।

सुझाव

- JSY लम्बित भुगतानों की कारण सहित सूची तैयार किया जाये तथा भुगतान हेतु फॉलोअप किया जायें।

**3-** <u>जिला संयुक्त चिकित्सालय–</u>

टीम द्वारा सायं 6 बजे जिला सयुक्त चिकित्सालय का भ्रमण किया गया।

- मुख्य चिकित्साधीक्षक के सम्बन्ध में यह अवगत करा गया कि वह किसी कार्य से जनपद गोरखपुर चले गये है।
- भ्रमण के समय महिला विंग में महिला चिकित्साअधिकारी, बाल रोग विशेषज्ञ तथा अन्य स्टाफ उपस्थित थे।
- इकाई में लगभग प्रतिमाह 150 सामान्य प्रसव तथा 2–3 सिजेरियन ऑपरेशन प्रति दिन किये जाते हैं। वर्तमान में 01 ऐनेस्थेटिस्ट तैनात है जिनके द्वारा पुरूष एवं महिला विंग के समस्त ऑपरेशन कराये जाते है।
- इकाई में SNCU (10 बेड) क्रियाशील है निरीक्षण के समय 01 नवजात शिशु भर्ती था।






- इकाई में PICU (10 बेड) का क्रियाशील है जो दो कक्षो में स्थापित था निरीक्षण के समय 01 बच्चा भर्ती था।
- इकाई में NRC (10 बेड) का क्रियाशील है जिसे 3 कक्षों में बनाया गया है। निरीक्षण के समय 2 बच्चे भर्ती थे।







- SNCU, NRC, PICU के संचालन के लिये 01 पीडियाट्रीशियन तैनात है तथा 03 चिकित्साधिकारियों एवं अन्य स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया है।

## सुझाव

- इकाई के सफल संचालन हेतु 01 ऐनेस्थेटिस्ट तथा 01 बालरोग विशेषज्ञ की आवश्यकता है जिसके लिए नियमित तथा संविदा की तैनाती हेतु प्रयास किये जाने चाहिए।

## दिनांक 16.12.2016

## 4 स्वास्थ्य उपकेन्द्र, मीरगंज

- मीरगंज उपकेन्द्र Accredited Sub-Centre है। यहां एक नियमित ए0एन0एम0 तथा 01 संविदा ए0एन0एम0 तैनात है।
- ए0एन0एम0 उपकेन्द्र पर निवास करती है, भवन की स्थिति ठीक है परन्तु सरकारी विद्युत कनेक्शन नहीं है। ए0एन0एम0 द्वारा अस्थायी विद्युत व्यवस्था की गयी है।






- इकाई पर 20–30 सामान्य प्रसव प्रतिमाह कराये जाते है। लेवर रूम में मैकेनटॉस तथा गॅलिस पेड उपलब्ध नहीं था।
- वर्ष 2016–17 हेतु अन्टाइड मद में धनराशि के सम्बन्ध में ए0एन0एम0 को जानकारी नहीं थी।

## 5- AA A Platform

- मीरगंज उपकेन्द्र की ए0एन0एम द्वारा आशा ऑगनबाडी की मीटिंग की जा रही थी। जिसमें उपकेन्द्र के अन्तर्गत क्षेत्र की समस्त आशा तथा आंगनवाड़ी उपस्थित थी तथा कुछ गर्भवती महिलाएं भी उपस्थित थी।
- ए0एन0एम0 को कार्यक्रम के बारे में जानकारी थी। रिकार्ड का रखरखाव ठीक था।





## सुझाव

- अन्टाइड मद में उपलब्ध धनराशि का नियमानुसार सदुपयोग किया जायें।

## 6. नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (कांशीराम आवास योजना..)

- यह इकाई कांशीराम आवास योजना के भवन में संचालित है। वर्तमान में 04 कक्ष है। मानकानुसार स्थान पर्याप्त नहीं है।
- निरीक्षण के समय समस्त कर्मी उपस्थित थे।
- इकाई पर स्टाफ नर्स सामान्य प्रसव कराये जा रहे है।






- लैब–टेक्नीशियन द्वारा हीमोग्लोविन, ब्लड शुगर, HIV/AID, प्रेग्नेसी टेस्ट, पेशाब, मलेरिया स्लाइड, इत्यादि जांचे की जा रही है।
- समस्त रिकार्ड पूर्ण पाये गये।
- औषधियां उपलबध थी।

## सुझाव

नोडल ऑफिसर तथा अर्बन हेल्थ कॉआडिनेटर को डुडा से समन्वय कर अतिरिक्त स्थान उपलब्ध कराये जाने का सुझाव दिया गया।

## 7. Special outreach Camp, मगहर,

- कैम्प स्लम बस्ती में लगाया गया था निरीक्षण के समय मरीजों की भीड़ थी। सभी प्रकार के मरीज देखे जा रहे थे।
- गर्भवती महिलाओं की जाँच हेतु अलग से व्यवस्था की गयी थी।






- लैब टेक्नीशियन द्वारा जाँच की जा रही थी। औषधियां उपलब्ध थी।

- वहां पर निवास करने वालों से इस कैम्प के बारे में फीडबैंक लिया गया। वे सेवाओं से काफी सन्तुष्ट थें।

दिनांक 15.12.2016 को सायं 5 बजे मुख्य चिकित्साधिकारी संतकबीर नगर से मिलकर फीडबैक दिया गया तथा भ्रमण में पायी गयी कमियों के सम्बंध में अपने स्तर से सुधारात्मक कार्यवाही करने हेतु अनुरोध किया गया।

Gangwar
डॉ० पी० के०
कन्सलटेन्ट एन०सी०डी०
एस०पी०एम०यू०,एन०एच०एम०

Usha
Dr. USHA GANGWAR
DGM, NUHM